Dairy Sustainability Framework

REPORTING SECTOR PROGRESS SINCE 2013



# डीएसएफ वार्षिक सस्टेनेबिलिटी की प्रगति

## कैलेंडर वर्ष - 2023 की रिपोर्ट



डेरी सस्टेनेबिलिटी फ्रेमवर्क (DSF) वैश्विक डेरी क्षेत्र की वार्षिक सस्टेनेबिलिटी प्रगति की निगरानी और रिपोर्टिंग करता है। डीएसएफ वैश्विक दूध उत्पादन के लगभग 30% हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है और 11 सस्टेनेबिलिटी मानदंडों (आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय) और संबंधित संकेतक मैट्रिक के माध्यम से उनकी प्रगति को मापता है। यह वैश्विक गाय और भैंसों के संगठित दूध उत्पादन के 52% के समतुल्य है। एफएओ (FAO) की रिपोर्ट दर्शाती है कि वर्ष 2023 में वैश्विक दूध उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में 1.4% की वृद्धि दर से बढ़ा है, जबकि वर्ष 2022 में वृद्धि दर 0.6% थी।

इस रिपोर्ट में शामिल आंकड़े कैलेंडर वर्ष 2023 के हैं जिसे डीएसएफ सदस्यों द्वारा वर्ष 2024 में रिपोर्ट किया गया है। डीएसएफ द्वारा आंकड़े एकत्रित करने, उसके प्रबंधन और प्रसंस्करण की विधि का ऑडिट नॉटिंघम विश्वविद्यालय (यूके) द्वारा किया जाता है।

वर्ष 2023 में अनुमानित वैश्विक दूध उत्पादन (सभी पशु प्रजातियाँ) 965.2 मिलियन टन रहा , जो कि वर्ष 2022 के 935.9 मिलियन टन से अधिक है। (स्रोत: एफएओ फूड आउटलुक, जून 2024)। इसमें से 928.1 मिलियन टन (901.1 बिलियन लीटर) दूध उत्पादन गाय (85%) और भैंस (15%) का है, जिसे वर्ष 2023 के लिए डीएसएफ की गणना में शामिल किया गया है।

## वर्ष 2023 की गतिविधियों का सार-संक्षेप

- डीएसएफ द्वारा वर्ष 2023 में दूध की मात्रा में 3.6 बिलियन लीटर की वृद्धि दर्ज की गई। डीएसएफ में वर्ष 2023 में दो नए सदस्यों ने कुल दूध की मात्रा में 2.6 बिलियन लीटर की वृद्धि करके अपना योगदान दिया।
- लगातार दूसरे वर्ष भी डीएसएफ के मानदंडों में पशु देखभाल पहली प्राथमिकता रही है, उसके बाद जीएचजी उत्सर्जन और ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं का स्थान है।
- किसानों, फार्मों और प्रसंस्करण संयंत्र के कार्मिकों की जेंडर आधारित रिपोर्टिंग (वर्ष 2022 से आरंभ हुई) करने वाले सदस्यों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि देखी गई, जिनसे अब आंकड़ों की प्राप्ति संभव है।
- अब, वैश्विक संगठित दूध उत्पादन में डीएसएफ सदस्यों द्वारा उत्पादित दूध की मात्रा 52% है। पिछले वर्ष की तुलना में, वर्ष 2023 में संगठित क्षेत्र में दूध उत्पादन वृद्धि असंगठित क्षेत्र से धीमी रही। असंगठित दूध क्षेत्र का विस्तार निरंतर जारी रहा और कुछ स्थानों पर तेज वद्धि देखी गई।
- विकसित डेरी बाजारों में बाजार एकीकरण तथा उभरती डेरी अर्थव्यवस्थाओं में प्रसंस्करणकर्ताओं द्वारा 'बड़े' फार्मों से चयनात्मक ढंग से दूध संकलन करने के रुझान में तेजी प्रदर्शित हो रही है।


## डीएसएफ की गतिविधियां

- डीएसएफ ने डेरी सस्टेनेबिलिटी प्रगति की निगरानी और रिपोर्टिंग के दस वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मनाया।
- डीएसएफ अपनी रणनीतिक योजना द्वारा विकास संबंधित गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। वर्ष 2024 के दौरान, डीएसएफ सदस्यों और हितधारकों के परामर्श से इसे वर्ष 2025-2030 की अवधि के लिए संशोधित किया जा रहा है।
- स्वतंत्र मानदंड समीक्षा की सिफारिशों पर विचार –विमर्श करने के लिए डीएसएफ सदस्यों और सलाहकार परिषद् के साथ कार्य करना शुरू कर दिया है।
- लैटिन अमेरिका में डीएसएफ रणनीति को डीएसएफ गर्वनर FEPALE द्वारा अंतर -अमेरिकी कृषि सहयोग संस्थान (IICA) के सहयोग से समन्वित किया गया, जिसके लिए डेवलपमेंट बैंक ऑफ लैटिन अमेरिका को वित्त पोषण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसके सफल होने पर, डीएसएफ रणनीति एवं पायलटों को कई भौगोलिक क्षेत्रों में प्रभावी रूप से लागू कर पाना संभव होगा।
- अनुभव साझा करने और आम चुनौतियों के समाधान करने का अवसर डीएसएफ कम्यूनिटी ऑफ इंटरेस्ट (COI) सदस्यों को प्रदान करना निरंतर जारी रखा।
- डीएसएफ ने रवांडा, केन्या, भारत और वियतनाम में किए गए पायलटों के लिए GDP/IFAD द्वारा वित्तपोषित केस अध्ययन प्रकाशित किए, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं में डीएसएफ के महत्व को प्रदर्शित करते हैं।
- जीडीपी/आईएफएडी अध्ययन के परिणामों ने सीधे तौर पर नए डीएसएफ चरण 1 सदस्यता श्रेणी के विकास में योगदान दिया, जिसे डीएसएफ सदस्यों और सलाहकार परिषद् द्वारा विकसित किया गया।
- अक्तूबर 2023 की डीएसएफ वार्षिक बैठक में डीएसएफ चरण 1 सदस्यता श्रेणी ('नए प्रवेशक' डेरी व्यवसायों के लिए) का शुभारंभ किया गया, जिसमें भारत से राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (NDDB) द्वारा यह घोषणा की गई कि वे इस अभिनव पहल को कार्यान्वित करने में डीएसएफ का सहयोग करेंगे।
- डीएसएफ ने सदस्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रक्रिया में सहायता के लिए नौ टेम्पलेट 'योजनाओं' के विकास की पहल की, जहां 'योजना' आवश्यक संकेतक मैट्रिक है।
- डीएसएफ ने दुबई में आयोजित सीओपी28 में डेरी क्षेत्र के सस्टेनेबिलिटी प्रयासों का प्रतिनिधित्व करने में (विशेष रूप से कृषि समझौतों में) सक्रिय भूमिका निभाई।
- डीएसएफ, डेरी नेट जीरो पहल के लिए स्टीयरिंग ग्रुप का एक अभिन्न भाग है और यह वैश्विक डेरी क्षेत्र की नेट जीरो की दिशा में प्रगति के लिए रिपोर्टिंग प्रणाली प्रदान करेगा।
- वर्ष 2022 में जारी अद्यतन डीएसएफ कार्यान्वयन मार्गदर्शिका का डीएसएफ 'प्रक्रिया के विषय' जैसे कि भौतिकता मूल्यांकन और स्थानीय प्रबंधन समूह गठन और प्रबंधन पर सदस्य केंद्रित वेबिनार की एक श्रृंखला के माध्यम से सहयोग किया गया।

# डीएसएफ और वैश्विक दूध उत्पादन - वर्ष 2023

**वैश्विक दूध उत्पादन: 901 बिलियन लीटर***

डीएसएफ दूध की मात्रा: 265 बिलियन लीटर





* एफएओ

**आईएफसीएन डेरी नेटवर्क अनुमान

# वर्ष 2023 में डीएसएफ में शामिल सदस्यों की दूध मात्रा, प्राथमिकताएं और रिपोर्टिंग

**दूध उत्पादन (बिलियन लीटर में)**


- लगातार दूसरे वर्ष, पशु देखभाल और जीएचजी उत्सर्जन क्रमशः नंबर 1 और 2 के सर्वाधिक प्राथमिकता वाले मानदंड रहे हैं।
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था मानदंड ने तीसरा स्थान हासिल किया है।
- अन्य उल्लेखनीय घटनाओं में फार्म स्तर के मानदंडों में कार्य स्थितियों के लिए 3.5% (कुल दूध मात्रा में) की वृद्धि तथा प्रसंस्करण स्तर के मानदंडों में अपशिष्ट के लिए 41% (कुल डीएसएफ दूध मात्रा में) की बड़ी वृद्धि शामिल है।




**एफएओ विश्लेषण द्वारा उपलब्ध संपूर्ण वैश्विक डेरी क्षेत्र के लिए रिपोर्टिंग।*

*जल, कार्य स्थितियां और अपशिष्ट मानदंड के दो संकेतक मैट्रिक्स हैं क्योंकि वे डेरी उत्पाद मूल्य शृंखला के फार्म और प्रसंस्करण दोनों स्तरों को कवर करते हैं।*

# श्रेणी के अनुसार डीएसएफ सदस्यता




**76** कार्यान्वयन करने वाले सदस्य
**11** एग्रीगेटिंग सदस्य
**919** संस्थाएं, जो एग्रीगेटिंग सदस्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं

*डीएसएफ सदस्यता श्रेणियों से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त करें।*

# वर्ष 2023 में नए डीएसएफ सदस्य

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **+12,440** | **+421,300** | **+852** | **+9,688** | **+6,196** | **+2.6 बिलियन** |
| फार्म | गायें | प्रसंस्करण संयंत्र | डेरी किसान | कार्मिक | लीटर दूध |


# वर्ष 2023 स्नैपशॉट - कुल सदस्यता

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **446,669** | **33.7 मिलियन** | **4,091** | **540,681** | **2.1 मिलियन** | **265 बिलियन** | **>26 मिलियन** |
| फार्म | गायें | प्रसंस्करण संयंत्र | किसान | कार्मिक | लीटर दूध | हेक्टेयर |

- विश्व के अधिकांश डेरी फार्म परिवार स्वामित्व वाले फार्म हैं, जिनमें परिवार के एक से अधिक सदस्य शामिल होते हैं, इसके परिणामस्वरूप, प्रत्येक फार्म पर एक से अधिक किसान हो सकते हैं।


# जेंडर और रोजगार

### डेरी किसान





डीएसएफ द्वारा दूध की मात्रा की रिपोर्टिंग
**77%**
(वर्ष 2022 में 24% मात्रा रिपोर्ट की गई)

### डेरी फार्म के कार्मिक




डीएसएफ द्वारा दूध की मात्रा की रिपोर्टिंग
**33%**
(वर्ष 2022 में 24% मात्रा रिपोर्ट की गई)

### दूध प्रसंस्करण के कार्मिक





डीएसएफ द्वारा दूध की मात्रा की रिपोर्टिंग
**40%**
(वर्ष 2022 में 35% मात्रा रिपोर्ट की गई)

*यह दूसरा वर्ष है जब डीएसएफ उत्पाद मूल्य श्रृंखला में जेंडर प्रोफ़ाइल की रिपोर्ट कर रहा है। डीएसएफ के अधिक से अधिक सदस्यों से आंकड़े प्राप्त करना उत्साहजनक रहा है, क्योंकि वे अपनी रिपोर्टिंग प्रोटोकॉल को अद्यतन करते हैं।*

# स्थानीय बहु-हितधारक प्रबंधन समूह

डीएसएफ कार्यान्वयन प्रक्रिया का एक अभिन्न घटक प्रत्येक सदस्य द्वारा स्थानीय बहु-हितधारक प्रबंधन समूह (LMG) का गठन और समन्वय करना है। यह समूह उन हितधारकों का होता है जो डेरी सस्टेनेबिलिटी में रुचि रखते हैं और डीएसएफ सदस्य बाह्य दृष्टिकोण और सुझाव प्राप्त करने के लिए इसका उपयोग करते हैं। यह समूह प्राथमिकताओं की पहचान करने और उन्हें प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने में सहायता करता है। बाह्य विशेषज्ञों और हितधारकों की राय सुनना, डीएसएफ कार्यान्वयन प्रक्रिया की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डीएसएफ सदस्य अपने LMG का विवरण उपलब्ध कराते हैं। यह चार्ट डीएसएफ सदस्यों में इनके समूहों की संरचना को दर्शाता है।





# प्राथमिकताओं पर की गई कार्यवाई

डीएसएफ सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़े स्पष्ट रूप से वैश्विक डेरी उत्पादन और प्रसंस्करण की विविधता को दर्शाते हैं। यह विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों की विशेष आवश्यकताओं, विकास के चरणों और क्षेत्र में संरचनात्मक बदलाव को दिखाता है जो कि अधिक सस्टेनेबल और लचीली उत्पाद श्रृंखलाओं की ओर अग्रसर है।

## मुख्य बिंदु

1. मानदंड: उदाहरण हेतु - जीएचजी उत्सर्जन।
2. रणनीतिक सोच: प्राथमिकता निर्धारित हो जाने पर, यह सदस्य की प्रमुख प्राथमिकता बन जाती है।
3. संकेतक मैट्रिक्स: सदस्य डीएसएफ को यह वार्षिक रिपोर्ट उपलब्ध कराते हैं।
4. प्रगति रिपोर्ट: वर्ष 2023 की समेकित रिपोर्टिंग और नई बेसलाइन।
5. सहायक जानकारी: रिपोर्ट में सहायक अतिरिक्त जानकारी।

- सदस्य उन फार्मों की संख्या बताते हैं जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं।
- अवधारणा: प्रति फार्म 1 योजना।
- वर्ष 2022 बेसलाइन के मुक़ाबले वर्ष 2023 की प्रगति गोलक में नीले रंग से दर्शायी गयी है।

## पशु देखभाल

डेरी पशुओं की देखभाल सावधानीपूर्वक की जाती है और वे भूख, प्यास, परेशानी, दर्द, चोट और बीमारी से मुक्त होते हैं तथा अपेक्षाकृत सामान्य व्यवहार करने में सक्षम होते हैं।

रिपोर्टिंग अवधि में सोमेटिक सेल काउंट का वार्षिक अंकगणितीय औसत।

वर्ष 2023 में डीएसएफ बोर्ड ने सहमति व्यक्त की कि वर्ष 2027 में पशु देखभाल के लिए संकेतक मैट्रिक्स बदलकर ''पशु स्वास्थ्य और कल्याण योजनाओं का कार्यान्वयन'' किया जाएगा। जैसे-जैसे सदस्यता इस नए मैट्रिक्स में परिवर्तित हो रही है, डीएसएफ ने डेटा एकत्र करना शुरू कर दिया है और इसी के साथ प्रगति की रिपोर्ट देना संभव है।

| वर्ष 2022 से 2023 तक परिवर्तन | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | वर्ष 2022 से 2023 तक परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिपोर्ट की गयी दूध की मात्रा (बिलियन लीटर) | 213.3 | 188.8 | 200.5 | 205.1 | 223.4 | 228.5 | +5.1 बिलियन लीटर |
| औसत वार्षिक सोमेटिक सेल काउंट (एससीसी) | 201,000 | 183,539 | 182,108 | 178,478 | 183,347 | 181,927 | -0.8% |

- इस मानदंड पर रिपोर्ट करने वाले डीएसएफ सदस्यों की दूध की मात्रा वर्ष 2022 की तुलना में 5.1 बिलियन लीटर बढ़ गई और एससीसी में 0.8% की बहुत मामूली कमी देखी गई।


| पशु देखभाल को प्राथमिकता देने वाले सदस्य | 2023 |
|---|---|
| प्राथमिकता से जुड़े फार्मों की संख्या | 428,507 |
| पहले से क्रियान्वित योजनाओं की संख्या | 74,040 |
| पशु स्वास्थ्य और कल्याण योजना वाले फार्मों का प्रतिशत | 17.3% |

## जीएचजी उत्सर्जन

सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला में जीएचजी उत्सर्जन को मापा गया तथा सभी आर्थिक रूप से व्यवहार्य तरीकों से जीएचजी उत्सर्जन को कम किया गया।

डीएसएफ और अन्य संगठन लगातार एफएओ से उनके ग्लेम (GLEAM) डेटा को अद्यतन करने का अनुरोध करते रहते हैं। उद्योगों के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से संबंधित सूचित और रणनीतिक निर्णय लेने के लिए यह आवश्यक है कि वैश्विक डेटासेट नियमित रूप से अद्यतन किए जाएं एवं वह यथासंभव सही हों।

एफएओ "जलवायु परिवर्तन और वैश्विक डेरी क्षेत्र" रिपोर्ट, वर्ष 2005-2015:




*एफएओ ग्लेम 2.0.*

- पूरी रिपोर्ट यहां देखी जा सकती है।
- जिन डीएसएफ सदस्यों ने इस मानदंड को प्राथमिकता दी, उन्हें डेरी क्षेत्र के लिए आईडीएफ वैश्विक कार्बन फुटप्रिंट मानक का नवीनतम संस्करण लागू करना आवश्यक है।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था

डेरी क्षेत्र किसानों और ग्रामीण समुदायों के सुदृढ़ीकरण और आर्थिक व्यवहार्यता में योगदान देता है।

दूध के लिए किसानों को किया गया कुल वार्षिक भुगतान।

| प्राथमिकता देने वाले सभी सदस्य | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | वर्ष 2022 से 2023 तक परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रिपोर्ट की गई दूध की मात्रा (बिलियन लीटर) | 138 | 172 | 174 | ~~207~~ 209 | 210 | +33 |
| किसानों को किया गया कुल वार्षिक भुगतान (अमेरिकी डॉलर में) | 59.28 बिलियन | 71.75 बिलियन | 77.62 बिलियन | ~~77.85~~ 114.65 बिलियन | 106.1 बिलियन | -8.6 बिलियन |


- संचालित QA के भाग के रूप में, वर्ष 2022 की दूध मात्रा और किए गए भुगतानों की रिपोर्टिंग में त्रुटि को स्ट्राइकथ्रू शैली द्वारा दर्शाया गया है और उसके बाद सही आंकड़ों को दर्शाया गया है।
- वर्ष 2022 के स्तर से इस मानदंड को प्राथमिकता देते हुए 1 बिलियन लीटर की वृद्धि दर्ज की गयी।
- दूध का औसत मूल्य $0.51/लीटर है, जो वर्ष 2022 से $0.04/लीटर कम है।

*विनिमय दरें OandA.com से ली गई हैं*

## उत्पाद सुरक्षा और गुणवत्ता


डेरी आपूर्ति श्रृंखला की सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता को सुरक्षित रखा जाता है, ताकि उत्पादों का इष्टतम पोषण, गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

उत्पाद सुरक्षा मूल्यांकन और उत्पाद वापसी योजना (PS&RP) के क्रियान्वयन और रिपोर्टिंग अवधि के दौरान कितने सार्वजनिक उत्पाद वापस किए गए।




**88.5%** क्रियान्वित उत्पाद सुरक्षा मूल्यांकन और उत्पाद वापसी योजना में शामिल

वर्ष 2023 में **+3.8%** की वृद्धि




**83.9%** क्रियान्वित उत्पाद सुरक्षा मूल्यांकन और उत्पाद वापसी योजना में शामिल

**26 सदस्य** प्राथमिकता देने वाले → **+5** → **31 सदस्य*** प्राथमिकता देने वाले

** 31 सदस्यों में से, पांच एग्रीगेटिंग सदस्य हैं जो 765 से अधिक संगठनों की ओर से रिपोर्टिंग करते हैं।*

### सार्वजनिक उत्पाद वापसी


| 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | % प्राथमिकता परिवर्तन वर्ष 2022-2023 |
|---|---|---|---|---|---|
| 37 | 34 | 183 | 190 | 422 | +0.7% |

- डीएसएफ के नए सदस्य इस मानदंड को प्राथमिकता दे रहे हैं। उत्पाद सुरक्षा और गुणवत्ता को प्राथमिकता देना डीएसएफ दूध की मात्रा के 77.2% के समतुल्य है।
- जिन सदस्यों ने इस मानदंड को प्राथमिकता दी, उनमें से अधिकाशत: के पास अब उत्पाद सुरक्षा मूल्यांकन एवं उत्पाद वापसी योजना उपलब्ध है।
- सार्वजनिक उत्पाद वापसी में वृद्धि मुख्य रूप से एग्रीगेटिंग सदस्यता (वृहत् संख्या में डेरी प्रसंस्करणकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली) संस्थाओं के कारण हुई है, जिन्होंने अब इन आंकड़ों को संग्रहीत करने और रिपोर्ट करने के लिए प्रणालियां स्थापित की हैं।

## जैव विविधता


प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष जैव विविधता के जोखिमों और अवसरों की पहचान की जाती है तथा इसे संरक्षित एवं समृद्ध करने के लिए रणनीतियां तैयार की जाती हैं।

जैव विविधता योजना (BP) फॉर्म और आपूर्ति श्रृंखला में जैव विविधता को संरक्षित करने,उसे बनाए रखने और सुधारने के लिए क्रियान्वित की जाती है-क्रियान्वित की गई जैव विविधता वाली योजनाओं की संख्या।




**14.2%** फार्म जैव विविधता योजनाओं को लागू कर रहे हैं

वर्ष 2023 में **-0.5%** की कमी




**15.6%** फार्म जैव विविधता योजनाओं को लागू कर रहे हैं


**334,026 फार्म** प्राथमिकता देने वाले → **-37,606** → **296,420 फार्म** प्राथमिकता देने वाले

- बाजार समेकन विकसित डेरी बाजारों में क्रियान्वित की गई योजनाओं की संख्या पर प्रभाव डाल रहा है (वर्ष 2023 की समीक्षा देखें)।

## मृदा पोषक तत्व


मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखने और बढ़ाने के साथ-साथ जल और वायु पर प्रभाव को कम करने के लिए पोषक तत्वों के उपयोग का प्रबंधन किया जाता है।

उत्पादन बढ़ाने तथा जल एवं वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पोषक तत्व प्रबंधन योजना (NMP) का कार्यान्वयन - कार्यान्वित की गई एनएमपी की संख्या।




**19.3%** फार्म पोषक तत्व प्रबंधन योजनाएं लागू कर रहे हैं

वर्ष 2023 में **+0.4%** वृद्धि




**23.1%** फार्म पोषक तत्व प्रबंधन योजनाएं लागू कर रहे हैं


**342,385 फार्म** प्राथमिकता देने वाले → **-46,076** → **296,309 फार्म** प्राथमिकता देने वाले

- उद्योग समेकन प्रत्यक्ष रूप से डीएसएफ रिपोर्ट में शामिल फार्मों की संख्या को प्रभावित कर रहा है (वर्ष 2023 की समीक्षा देखें)।
- फार्म संख्या में कमी को ध्यान में रखते हुए, विकसित और कार्यान्वित की गयी पोषक तत्व प्रबंधन योजनाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

## बाजारों का विकास


डेरी मूल्य शृंखला के सदस्य पारदर्शी और प्रभावी बाजारों के विकास के माध्यम से आर्थिक रूप से व्यवहार्य व्यवसाय बनाने में सक्षम हैं।

उत्पादकों को बाजार के अवसरों और चुनौतियों के बारे में सूचित करने की प्रक्रिया लागू है।





**13 सदस्य**
प्राथमिकता देने वाले

बाजार विकास को प्राथमिकता देने वाले **100%** सदस्यों के पास किसानों को बाजार के अवसरों और चुनौतियों के बारे में सूचित करने की प्रक्रिया लागू थी।




**16 सदस्य**
प्राथमिकता देने वाले

बाजार विकास को प्राथमिकता देने वाले **100%** सदस्यों के पास किसानों को बाजार के अवसरों और चुनौतियों के बारे में सूचित करने की प्रक्रिया लागू थी।





**100%** फार्म तक पहुँच

वर्ष 2023 में **-15.6%** फार्म तक पहुंच

**312,297 फार्म**
प्राथमिकता देने वाले*

**-47,213**





**100%** फार्म तक पहुँच


**265,084 फार्म**
प्राथमिकता देने वाले

*जिन डीएसएफ सदस्यों ने इस मानदंड को प्राथमिकता दी , उनको आपूर्ति करने वाले फार्मों की संख्या, जैसे कि - संभावित पहुंच*

**डीएसएफ सदस्यों ने वर्ष 2023 के दौरान अपने आपूर्तिकर्ता किसानों के साथ बाजार के अवसरों (कुल गतिविधियों की संख्या) के बारे में कैसे संवाद किया?**




**36.3%** सूचना-पत्र
**9.3%** वेबिनार
**25.2%** किसानों की बैठकें
**16.5%** अनौपचारिक प्रकाशन
**12.7%** अन्य (वीडियो, ऑनलाइन प्रश्नोत्तर, वेबसाइट पोर्टल पर साप्ताहिक बाजार अपडेट)




**24.1%** सूचना-पत्र
**17.4%** वेबिनार
**38.1%** किसानों की बैठकें
**10.8%** अनौपचारिक प्रकाशन
**9.5%** अन्य (वीडियो, ऑनलाइन प्रश्नोत्तर, वेबसाइट पोर्टल पर साप्ताहिक बाजार अपडेट)

*टिप्पणी: वर्ष 2023 में बाजार विकास की जानकारी के संप्रेषण के लिए मुद्रित और अन्य तरीकों की तुलना में मौखिक और प्रत्यक्ष संचार माध्यमों पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित किया गया।*

## अपशिष्ट - प्रसंस्करण स्तर

कम से कम अपशिष्ट उत्पादन किया जाता है, तथा जहां अपरिहार्य हो, वहां अपशिष्ट का पुनः उपयोग और रिसाइकल किया जाता है।

प्रतिवर्ष अपशिष्ट भरावक्षेत्र में जाने वाले अपशिष्ट की मात्रा।


| प्राथमिकता देने वाले सभी सदस्य | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | वर्ष 2022 से 2023 तक परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रसंस्करण संयंत्रों की कुल संख्या | 323 | 299 | 351 | 399 | 1741 | +1342 संयंत्र |
| अपशिष्ट भराव क्षेत्र में एक वर्ष में भेजा गया अपशिष्ट (टन) | 45,181 | 41,591 | 71,281 | 81,835 | 248,701 | +166,866 |

• प्रसंस्करण संयंत्रों और उनसे संबंधित अपशिष्ट में वृद्धि, नए सदस्यों की प्राथमिकता एवं मौजूदा सदस्यों द्वारा इस मानदंड को नई प्राथमिकता देने के साथ-साथ कुछ नए संयंत्रों को शुरू करने का संयोजन है।

## मृदा गुणवत्ता और प्रतिधारण

अधिकतम उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए मृदा की गुणवत्ता और प्रतिधारण का अग्रिम रूप से प्रबंधन और संवर्धन किया जाता है।

मृदा गुणवत्ता प्रबंधन योजना (SQMP) में परिभाषित उत्तम पद्धतियों द्वारा मृदा गुणवत्ता को बनाए रखा जाता है या उसमें सुधार किया जाता है - कार्यान्वित SQMP की संख्या।





**16.7%** फार्म में मृदा गुणवत्ता प्रबंधन योजनाएं लागू की जा रही हैं

2023 में **+0.4%** वृद्धि

**333,011 फार्म**
प्राथमिकता देने वाले

**-46,253**




**20.2%** फार्म में मृदा गुणवत्ता और अवधारण योजना है


**286,758 फार्म**
प्राथमिकता देने वाले

• उद्योग समेकन प्रत्यक्ष रूप से डीएसएफ रिपोर्ट में शामिल फार्मों की संख्या को प्रभावित कर रहा है (वर्ष 2023 की समीक्षा देखें)।

## कार्य स्थितियां – फार्म


डेरी उत्पाद शृंखला में श्रमिक सुरक्षित वातावरण में काम करते हैं और उनके अधिकारों का सम्मान किया जाता है तथा उन्हें बढ़ावा दिया जाता है।

श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फार्म सुरक्षा योजना (FSP) कार्यान्वित की गई है - कार्यान्वित की गई एफएसपी की संख्या।




**75.1%** फार्म में फार्म सुरक्षा योजनाएं लागू की जा रही हैं

वर्ष 2023 में **-4.1%** की कमी




**80.2%** फार्म में फार्म सुरक्षा योजनाएं लागू की जा रही हैं

**269,272 फार्म** प्राथमिकता देने वाले → **-30,630** → **238,642 फार्म** प्राथमिकता देने वाले

• उद्योग समेकन के कारण, इस मानदंड के तहत फार्म की संख्या में कमी के साथ फार्म सुरक्षा योजनाओं की संख्या में प्रतिशत वृद्धि को संतुलित करने की आवश्यकता है (वर्ष 2023 की समीक्षा देखें)।

## जल उपलब्धता और गुणवत्ता - प्रसंस्करण स्तर

संपूर्ण डेरी उत्पाद शृंखला में जल की उपलब्धता के साथ-साथ जल की गुणवत्ता को भी जिम्मेदारीपूर्वक प्रबंधित किया जाता है।

उत्पादन और प्रसंस्करण के लिए उपयोग की गयी जल की कार्यक्षमता को मापा जाता है - प्रति उत्पाद (किग्रा.) पानी की औसत मात्रा (लीटर)।


| रिपोर्ट करने वाले सभी सदस्य | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | वर्ष 2022 से 2023 तक परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारांकित औसत जल कार्यक्षमता (किलोग्राम उत्पाद बनाने के लिए लीटर पानी) | 4.52 | 5.50 | 5.48 | 7.11 | 7.10 | 6.94 | -0.16 |
| न्यूनतम और अधिकतम सीमा | 2.1 – 14.9 | 0.77 – 38.37 | 0.68 – 22.6 | 0.09 – 25.0 | 1.2 – 23.4 | 0.1 – 12.5 | |

• यह सूचक डीएसएफ सदस्यता द्वारा उत्पादित दूध और डेरी उत्पादों के बीच अंतर नहीं करता है।

## कार्य स्थितियां – प्रसंस्करण


डेरी उत्पाद शृंखला में श्रमिक सुरक्षित वातावरण में काम करते हैं और उनके अधिकारों का सम्मान किया जाता है एवं उन्हें बढ़ावा दिया जाता है।

श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक सुविधा सुरक्षा योजना (FSP) कार्यान्वित की गई है - कार्यान्वित की गई एफएसपी की संख्या।




**99.6%** प्रसंस्करण संयंत्र सुविधा सुरक्षा योजनाओं को लागू कर रहे हैं

वर्ष 2023 में **+1.2%** वृद्धि




**98.2%** प्रसंस्करण संयंत्र सुविधा सुरक्षा योजनाओं को लागू कर रहे हैं


**1,648 प्रसंस्करण संयंत्र** प्राथमिकता देने वाले → **+50** → **1,698 प्रसंस्करण संयंत्र** प्राथमिकता देने वाले

• ये संख्याएं मौजूदा सदस्यों को दर्शाती है जिसमें नए अधिग्रहीत प्रसंस्करण संयंत्र समाविष्ट हैं।

## जल उपलब्धता और गुणवत्ता – फार्म


संपूर्ण डेरी उत्पाद शृंखला में जल की उपलब्धता के साथ-साथ जल की गुणवत्ता का भी जिम्मेदारीपूर्वक प्रबंधन किया जाता है।

एफ्लुएंट प्रबंधन योजना (EMP) को अपनाया जाता है ताकि पानी की गुणवत्ता पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सके- कार्यान्वित की गई ईएमपी की संख्या।




**5.4%** फार्म एफ्लुएंट प्रबंधन योजनाएं लागू कर रहे हैं

वर्ष 2023 में **0** परिवर्तन




**6.7%** फार्म एफ्लुएंट प्रबंधन योजनाएं लागू कर रहे हैं

**249,507 फार्म** प्राथमिकता देने वाले → **-45,205** → **204,302 फार्म** प्राथमिकता देने वाले

## अपशिष्ट - फार्म स्तर


कम से कम अपशिष्ट उत्पादन किया जाता है, तथा जहां अपरिहार्य हो, वहां अपशिष्ट का पुनः उपयोग और रिसाइकल किया जाता है।

अपशिष्ट प्रबंधन योजना (WMP) का कार्यान्वयन - कार्यान्वित की गई डब्ल्यूएमपी की संख्या।




**0%** फार्म में अपशिष्ट प्रबंधन योजना लागू की जा रही है

वर्ष 2023 में **0** परिवर्तन




**0%** फार्म में अपशिष्ट प्रबंधन योजना लागू की जा रही है

**204,637 फार्म** प्राथमिकता देने वाले → **-37,771** → **166,951 फार्म** प्राथमिकता देने वाले

• यह जानते हुए कि इस मानदंड के लिए रिपोर्टिंग चुनौतिपूर्ण है, डीएसएफ ने आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने में सदस्यों की सहायता करने के लिए नए संसाधन विकसित किए हैं।